भारत सरकार
मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय
मत्स्यपालन विभाग

लोकसभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 340
19 जुलाई, 2022 को उत्तर दिए जाने के लिए

राजस्थान में मत्स्यपालन को बढ़ावा देना

340. श्री बालक नाथ:

क्या **मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार राजस्थान में अलवर जिले सहित मत्स्यपालन को बढ़ावा देने के लिए कोई कदम उठा रही है और यदि हाँ, तो तत्सम्बंधी ब्यौरा क्या है;
(ख) क्या पिछले तीन वर्षों के दौरान अलवर जिले सहित राजस्थान राज्य में मत्स्यपालन को बढ़ावा देने के लिए कोई धनराशि आवंटित की गई है; और
(ग) यदि हाँ, तो तत्सम्बंधी ब्यौरा क्या है ?

उत्तर

मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री

(श्री परशोत्तम रूपाला)

(क) से (ग): मत्स्यपालन विभाग, मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय, राजस्थान राज्य सहित सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में मत्स्यपालन के विकास और संवर्धन के लिए योजनाएं कार्यान्वित कर रहा है और कार्यान्वित की गई योजनाओं में शामिल हैं; (i) नीली क्रांति पर केंद्र प्रायोजित योजना: 2015-16 और 2019-20 तक 5 वर्षों की अवधि के लिए 3000 करोड़ रुपये के कुल परिव्यय से मत्स्य पालन का एकीकृत विकास और प्रबंधन (ii) मात्स्यिकी और जलीय कृषि अवसंरचना विकास निधि (एफ़आईडीएफ़) : रियायती वित्त प्रदान करने के लिए 2018-19 से 2023-24 तक 7522.48 करोड़ रुपये की कुल निधि के साथ (iii) प्रधान मंत्री मत्स्य संपदा योजना (पीएमएमएसवाई) : आत्मनिर्भर भारत अभियान के भाग के रूप में 20,050 करोड़ रुपये के निवेश के साथ राजस्थान राज्य सहित सभी राज्यों / केंद्र शासित प्रदेशों में 2020-21 से 2024-25 तक 5 वर्षों की अवधि के लिए । इसके अलावा, वर्ष 2018-2019 से, मछुआरों और मत्स्य पालक किसानों को उनकी कार्यशील पूंजी की आवश्यकताओं को पूरा करने में मदद करने के लिए किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) की सुविधा भी प्रदान की गई है ।

मत्स्यपालन विभाग, भारत सरकार द्वारा राजस्थान सरकार को राज्य में मत्स्य पालन के विकास और संवर्धन के लिए पिछले तीन वर्षों के दौरान जारी केंद्रीय निधि का विवरण नीचे दिया गया है:

क्रम सं	**योजना का नाम**	**वित्तीय वर्ष**	**जारी की गई केंद्रीय निधियाँ (रु/- लाख में)**
1	नीली क्रांति पर केंद्र प्रायोजित योजना: मत्स्य पालन का एकीकृत विकास और प्रबंधन	2019-20	266.20
2	प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना (पीएमएसवाई)	2020-21	210.82
3	प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना (पीएमएसवाई)	2021-22	175.65
		Total	652.67

******